# वार्षिक प्रतिवेदन

## सत्र 2024–2025


रजि. नं. 144 / जयपुर / 2008–09

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड़, रूपनगढ़, अजमेर–305814

**Website: - www.svmmcollege.in**

फोन नं. 01497–294114, मो० 9314618091

**E-mail: svmmcollege.roopangarh@gmail.com**

# प्रस्तावना

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़ में संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर शिक्षा समिति ने शिक्षा के क्षेत्र में 2008–09 में प्रवेश किया था जो आज शोध सुविधायुक्त स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय के रूप में आपके समक्ष उन्नत मस्तक लिए खड़ा हुआ है।

महिला शिक्षा भारतीय सामाजिक व्यवस्था का एक अभिन्न अंग है। इसका समाज से गहरा संबंध है तथा इससे राष्ट्र की प्रकृति, संस्कृति एवं चरित्र अनुबंधित है। सामाजिक एवं पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ–साथ आज की महिलाओं के सामने सामाजिक एवं आर्थिक समस्याएं, ज्ञान की वृद्धि, उभरती हुई अपेक्षाएँ तथा समाज में होनें वाले परिवर्तन इत्यादि भविष्य में जवाबदेही की अपेक्षा रखते हैं। इस दृष्टि से गुणवान सजग एवं अपने उतरदायित्वों के प्रति जागरूक महिलाओं को तैयार करने के लिए महिला शिक्षा की व्यवस्था में आवश्यक सुधार लाना अनिवार्य है। महाविद्यालय का प्रमुख उद्देश्य समाज में चरित्रवान सबल, नैतिक रूप से सुदृढ़ सशक्त एवं आत्मनिर्भर महिलायें तैयार करना है।

यह मान्यता है कि एक चरित्रवान सबल, नैतिक रूप से सुदृढ़ सशक्त एवं आत्मनिर्भर महिला बनने के लिए औपचारिक एवं व्यावसायिक शिक्षण निरन्तर प्राप्त करते रहना चाहिए । ऐसा करने से उसके व्यक्तित्व का समुचित विकास होता है, संप्रेषण कौशल पुष्ट होता है तथा आचारसंहिता के प्रति वचनबद्धता बढ़ती है। इन्ही सभी मूल्यों को प्रायोगिक रूप में शिक्षा जगत में स्थापित करने हेतु मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर के द्वारा सत्र 2016–2017 से स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़ का शुभांरभ किया गया ।

सचिव
डॉ. बी.एल. देवन्दा

# बालिका शिक्षा क्षेत्र में नवीन सौपान

अनेक शिक्षण संस्थाओं के बीच एक नवीन रूप, नवीन कलेवर एवं बालिका क्षेत्र में एक नवीन धारणा लेकर प्रारम्भ हुआ है– ''स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय''। शिक्षा क्षेत्र के आकाश पर उदीयमान यह नवोदित नक्षत्र बालिका शिक्षा अज्ञान के तिमिर को अपनी कॉन्ति से दूर करने का अथक प्रयास करता रहेगा। एक शुभ समय में किया गया एक संकल्प, एक शुभ घड़ी में बालिका परोपकार का फूटा अंकुर, जिन महानुभावों के दिल में, वो साधुवाद के पात्र हैं। उनका अभिवन्दन करना कोई अतिश्योक्ति नहीं। इस संस्था के कर्ण धारों का उद्देश्य–आप सभी को केवल पुस्तकीय ज्ञान देना नहीं है, अपितु इस संस्था के माध्यम से हमारा उद्देश्य है–आप सभी को एक कर्त्तव्यनिष्ठ नारी के रूप में, एक देश–भक्त नागरिक के रूप में एवं सर्वोपरि–ईश्वर की सर्वोत्तम कृति स्वरूप एक आदर्श मानव के रूप में शिक्षित करने का। हमारा उद्येश्य है आप सभी में वांछित एवं आवश्यक मानवीय गुणों का विकास करना, जिससे कि आप भविष्य में न केवल अपना अपितु अपने माता–पिता, अपने परिवार एवं अपनी इस संस्था का नाम भी रोशन कर सकें।

किसी भी कार्य का शुभारम्भ हम करते हैं उस सर्वशक्तिमान के स्मरण से जिसकी कृपा के बिना कोई कार्य सफल नहीं हो सकता।

''श्री गणेशाय नमः श्री सरस्वत्यै नमः''।

प्रबिसि नगर कीजै सब काजा

ह्रदय राखि कौसलपुर राजा''

हर पल, हर पहर प्रभु का इसी प्रकार स्मरण रहे तो सफलता अवश्य ही चरण चूमेगी इसमें सन्देह नहीं।

12 जुलाई 2016 को रामायण का अखण्ड पाठ पॉच विद्वान पन्डितों द्वारा 24 घण्टे में सम्पन्न किया गया। तत्पश्चात् अगले दिन रात्रि में हवन का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था के अध्यक्ष श्री बजरंग जी भाखर तथा सचिव डॉ. बाबू लाल जी देवन्दा ने जोड़े सहित हवन में आहुति होम की। भोज प्रसाद से संस्था का उद्घाटन के रूप में प्रभु स्मरण से कार्य सम्पन्न हुआ।

हमारा पुनीत 'गायत्री–मंत्र' वास्तव में 'सविता अर्थात् सूर्य का स्तवन है। हम उस सर्वशक्तिमान सूर्य के सौर–मण्डल के एक तुच्छ से अंग हैं। सूर्य हमारे लिये शक्ति का, ऊर्जा का अक्षय स्त्रोत है। उसी के प्रांगण, सूर्य मण्डल के क्रीडांगण में हम आज उसको नमन करते हुये शक्ति और ऊर्जा की प्रार्थना करते हैं। वे अपनी सप्त ऋषियों से इन बालिकाओं के तन–मन को सप्तरंगी इन्द्रधनुषों से सजाये व हमारे सयवेत प्रयत्न को सफलता का वरदान है।

# महाविद्यालय परिचय

राज्य राजमार्ग सं. 7 पर किशनगढ़ शहर से 25 कि.मी. उत्तर में स्थित रूपनगढ़ कस्बा अपने आप में एक सुपरिचित नाम है जो कि बणी–ठणी के लिए अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त है। इसी कस्बे में परबतसर रोड़ पर शिक्षा के उन्नयन एवं विकास के लिए **मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर के द्वारा स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़ में** संचालित किया जा रहा है जो महिला शिक्षा के क्षेत्र में रूपनगढ़ कस्बे का प्रथम उभरता हुआ महाविद्यालय है।

महाविद्यालय का वर्तमान भवन 31000 वर्ग गज क्षेत्र में बना हुआ है जिसमें 17 सुसज्जित कक्षा कक्ष 30X30 साइज के तथा सभी संसाधनों से युक्त जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं भूगोल प्रयोगशालाए, सेमीनार हॉल, विशाल पुस्तकालय, वाचनालय, बुक बैंक एवं कम्प्यूटर प्रयोगशाला मौजूद है। वर्तमान भवन में एक 50X50 का 200 सीट्स सुविधा युक्त सेमीनार हॉल उपलब्ध है। महाविद्यालय में खेलकूद कक्ष एवं स्टोर हेतु भी अतिरिक्त कक्ष उपलब्ध है। महाविद्यालय परिसर में वॉलीबाल, बैडमिन्टन, खो–खो, कबड्डी, क्रिकेट इत्यादि आउटडोर गेम्स एवं केरम, शतरंज, टेबल टेनिस जैसे इन्डोर गेम्स की सुविधायें मौजूद है। महाविद्यालय का विशाल उद्यान महाविद्यालय की शोभा मे चार चांद लगाता है।



# महाविद्यालय का भवन

<u>महाविद्यालय में उपलब्ध भौतिक संसाधनों का विवरण निम्न तालिका में दर्शाया गया है :–</u>

| क्र.सं. | उपस्थित कक्ष | संख्या | उपलब्ध सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1. | कक्षा–कक्ष | 10 | • प्रत्येक कक्ष मे 40 से 60 सीट्स मय राईटिंग टेबल<br>• लेक्चर स्टेण्ड, विशाल श्यामपट्ट, हवा एवं रोशनी का पूर्ण प्रबन्ध |
| 2. | वातानुकूलित पुस्तकालय,वाचनालय एवं बुक बैंक | 1 | • विभिन्न विषयों की कुल 4000 से अधिक पुस्तकें<br>• धूल एवं क्षति से बचाने हेतु 22 काँच की पुस्तकें रखने की बन्द अलमारियाँ<br>• 40 छात्राओं की बैठक क्षमता का वाचनालय<br>• लाइब्रेरी कार्ड की व्यवस्था<br>• बुक बैंक जिसके माध्यम से प्रत्येक विद्यार्थी को 4 विषयों की पुस्तकें अग्रिम राशि जमा (जो की रिफण्डेबल है) देने पर उपलब्ध कराई जाती है। |
| 3. | कम्प्यूटर प्रयोगशाला | 1 | • कुल 25 कम्प्यूटर अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर एवं प्रिन्टर तथा स्केनर सहित उपलब्ध है। |
| 4. | विज्ञान प्रयोगशाला (स्नातक) | 3 | • समस्त मूलभूत आवश्यक उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशाला जिसमें प्रयोग करने हेतु समस्त सामग्री उपलब्ध है। |
| 5. | भूगोल प्रयोगशाला (स्नातक) | 1 | • समस्त मूलभूत आवश्यक उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशाला उपलब्ध है । |
| 6 | दृश्य श्रव्य संसाधन | | • महाविद्यालय के पास ओ.एच.पी.,एल.सी.डी प्रॉजेक्टर कलर टी.वी. मय डी.वी.डी एवं कम्प्यूटर मय इन्टरनेट रेडियो एवं एफ.एम उपलब्ध है। |
| 7. | प्राचार्य,कार्यालय कक्ष एवं स्टाफ कक्ष | 1 | • निर्धारित मापदण्डों के अनुसार पूर्ण सुविधाओ से सुसज्जित है । |
| 8. | खेलकूद एवं अन्य सहशैक्षिक सामग्री | | • महाविद्यालय में क्रिकेट ,बैडमिन्टन , बॉलीवाल, फुटबाल, ऐथेलेटिक्स, शतरंज,कैरम,इत्यादि विभिन्न इन्डोर एवं आउटडोर खेलो की सुविधा मय खेल मैदान के उपलब्ध है साथ ही वाद्ययंत्र में हारमोनियम, तबला एवं ढोलक है । |
| 9. | सेमीनार हॉल | 1 | • महाविद्यालय में एक सेमीनार हॉल 50X50 का 200 सीटों की क्षमता सहित उपलब्ध है । |
| 10. | खेल मैदान, प्रार्थना स्थल, कॉमन रूम एवं अन्य सुविधाऐं | | • महाविद्यालय के पास पर्याप्त खेल मैदान, प्रार्थना स्थल, कॉमन रूम तथा छात्राओं एवं स्टॉफ हेतु अलग से स्वच्छ शौचालय एवं मूत्रालय व्यवस्था सहित उपलब्ध है। |
| 11. | कैंटीन | 1 | • भोजन की उचित व्यवस्था |




# Sports Room



# Computer Lab






# Library Room



# College Playground






# Class Room




**Geography Lab**




**Chemistry Lab**




**Physics Lab**




**Biology Lab**

# महाविद्यालय स्टाफ

वर्तमान में महावद्यिालय में विशविद्यालय के मापदण्डों के अनुसार निम्नांकित स्टॉफ कार्यरत है।

महाविद्यालय में सत्र 2024–25 में कार्यरत शैक्षणिक स्टॉफ का विवरण:–

## महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टॉफ

| S.N. | Name of Teaching Staff | Designation | Subject Name | Highest Qualification |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Dr. Komal Pareek | Principal | Political Science | Ph.D. |
| 2. | Dr. Hemraj Bairwa | Associate Professor | Geography | Ph.D. |
| 3. | Miss. Vijay laxmi kumawat | Assistant Professor | Hindi Literature | M.A, NET |
| 4. | Mr. Rakesh Kumar Gothwal | Assistant Professor | Sanskrit | M.A, NET |
| 5. | Miss.Farah | Assistant Professor | Political Science | M.A, NET |
| 6. | Mr. Kalu Ram Choudhary | Assistant Professor | Political Science | M.A, NET |
| 7. | Mr. Dilbag Singh | Assistant Professor | History | M.A, NET |
| 8. | Mr. Arvind Kumar | Assistant Professor | Geography | M.A, NET |
| 9. | Mr. Gaurav Bhargava | Assistant Professor | Chemistry | M.SC.,NET |
| 10. | Mr. Harshpal Singh | Assistant Professor | Zoology | M.SC.,NET |
| 11. | Mr. Parash Prasad | Assistant Professor | Botany | M.SC.,NET |
| 12. | Mr. Amit Roy | Assistant Professor | Mathematics | M.SC.,NET |
| 13. | Mr. Harshit Agrawal | Assistant Professor | Physics | M.SC.,NET |

## महाविद्यालय के अशैक्षणिक स्टॉफ

| S.N. | Name of Teaching Staff | Designation | Highest Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | Mrs. Sunita Chaudhary | Librarian | M.LIB |
| 2. | Mr. Ramesh Chand Meena | U.D.C | MA M.ED |
| 3. | Mr. Rajesh Choudhary | L.D.C | MA |
| 4. | Mrs.Nirmala Lodhi | Lab Assistant | MA M.ED |
| 5. | Mr. Mohan Lal Prajapat | Computer Operator | BCA |
| 6. | Mr. Vijay Singh | Physical Instructer | B.P.Ed, M.P.Ed,NET |
| 7. | Ms. Divya Meena | Lab Assistant (Physics) | B.Sc. |
| 8. | Mr. Dhiraj Bhati | Lab Assistant (Zoology) | B.Sc. |
| 9. | Mr. Dharmendra | Lab Assistant (Botany) | B.Sc. |
| 10. | Mr. Kamal Ghasal | Lab Assistant (Chemistry) | B.Sc. |
| 11. | Mrs. Mamta Tailor | Peon | $5^{TH}$ |
| 12. | Mr. Ghanshyam | Guard | $12^{TH}$ |

अशैक्षणिक स्टॉफ के रूप में महाविद्यालय में पुस्तकालयाध्यक्ष, प्रयोगशाला सहायक,यू. डी.सी., एल.डी.सी., कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं चतुर्थश्रेणी कर्मचारी कार्यरत है।

# विश्वविद्यालय से सम्बद्धता

महाविद्यालय महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर से सम्बद्ध है एवं राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त है।

# महाविद्यालय में छात्र संख्या एवं उपलब्ध विषय

सत्र 2016–17 से अनवरत संचालित महाविद्यालय में सत्र 2024–25 में कला संकाय में 199 एवं विज्ञान संकाय में 06 छात्रायें विभिन्न विषयों मे नामांकित हुई। वर्तमान सत्र में अनिवार्य विषयों के अतिरिक्त राजनीति विज्ञान, इतिहास, हिन्दी साहित्य, संस्कृत साहित्य एवं भूगोल विषयों का अध्ययन कराया जा रहा है।

## विषयवार प्रविष्ठ छात्राओं का विवरण
## सत्र 2024–25 कला संकाय

| S.N. | Subject Name | Total Enrolled Students | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|
| | | B.A.I^ST Year | B.A.2^nd Year | B.A.3^rd Year | |
| 1. | Political Science | 65 | 60 | 64 | 189 |
| 2. | Geography | 33 | 19 | 21 | 73 |
| 3. | History | 59 | 51 | 52 | 162 |
| 4. | Hindi Literature | 54 | 59 | 58 | 171 |
| 5. | Sanskrit Literature | 02 | 00 | 00 | 02 |
| | Total | 213 | 189 | 195 | 597 |

## विषयवार प्रविष्ठ छात्राओं का विवरण
## सत्र 2024–25 विज्ञान संकाय

| S.N. | Subject Name | Total Enrolled Students B.A.I$^{ST}$ Year | Total |
|---|---|---|---|
| 1. | Physics | 02 | 02 |
| 2. | Chemistry | 06 | 06 |
| 3. | Botany | 04 | 04 |
| 4. | Mathematics | 02 | 02 |
| 5. | Zoology | 04 | 04 |
| | Total | 18 | 18 |

# महाविद्यालय की शैक्षिक उपलब्धियॉ

महाविद्यालय के परीक्षा परिणाम महाविद्यालय की शैक्षिक उपलब्धियो का प्रत्यक्ष बखान करते हैं। गतवर्षो की विश्वविद्यालयी परीक्षा का परिणाम सर्वोत्तम रहा।

## Academic Session 2023-24 Result

| Class | Year | Total Seats | Addmitted Student | Passed | Pass Percentage |
|---|---|---|---|---|---|
| B.A. PART-I | 2024 | 160 | 91 | 82 | 90.10 % |
| B.A. PART-II | 2024 | 80 | 74 | 69 | 93.24 % |
| B.A. PART-III | 2024 | 80 | 53 | 46 | 86.79 % |
| **Total** | | 320 | 218 | 197 | 90.36 % |

# सत्र 2024–25 में आयोजित विभिन्न शैक्षिक एवं सहशैक्षिक गतिविधियों का ब्यौराः–

## '' मर्यादा पुरूषोत्तम रामः एक वैश्विक आदर्श'' विषय पर अंर्तराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

दिनांक 15-16 जुलाई 2024 को डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में सावित्रीबाई फुले अकादमी शोध संस्थान जयपुर एवं स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में "मर्यादा पुरुषोत्तम राम : एक वैश्विक आदर्श" विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर प्रतिभा गोयल, अयोध्या महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, सिद्ध पीठ श्री हनुमत निवास के महंत मिथिलेश नंदनी शरण महाराज, महाविद्यालय सचिव डॉ बी एल देवेंदा एवं अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। संगोष्ठी के प्रथम दिवस के मुख्य वक्ता मिथिलेश नंदनी शरण महाराज ने कहा कि राम सार्वभौमिक है तथा उनके चरित्र का पालन हर युवा से अपेक्षित है। दूसरे दिन के विशिष्ट वक्ता उड़ीसा के प्रोफेसर सुदीप्त ने कहा कि राम राज्य की अवधारणा ही सुशासन की कल्पना है। डॉ रानू वार्ष्णेय ने कहा कि राम के जीवन से कुशल प्रबंधन व टीमवर्क की सीख ले सकते हैं। सुश्री फराह द्वारा भारतीय संविधान पर राम के जीवन आदर्शों का प्रभाव विषय पर पत्र वाचन किया गया। संगोष्ठी के तीन तकनीकी सत्रों में देश भर से लगभग 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया तथा ऑनलाइन व ऑफलाइन पत्र वाचन किया। विभिन्न शोधार्थियों ने संगोष्ठी में अपने विचार प्रस्तुत किये। समापन सत्र में कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर सुचिता पांडे, कमल किशोर सैनी एवं रमेश मीणा ने कहा कि राम का चरित्र लोक मानस का आदर्श चरित्र है। अंत में महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक ने संगोष्ठी के सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगी एवं उपस्थित शिक्षक शोधार्थी व विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।







BROCHURE

अर्न्तराष्ट्रीय संगोष्ठी की झलकियां













# अयोध्या रवाना होंगी महाविद्यालय की छात्राएं

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रूपनगढ़. स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ एवं अन्य महाविद्यालयों के संयुक्त तत्वावधान में एक अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन अयोध्या यूपी के संत कबीर सभागार में किया जाएगा। सेमिनार को लेकर गुरुवार को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रामनिवास ने ब्रोशर जारी किया। प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़, बीएसएन कॉलेज जयपुर, सावित्रीबाई फुले ऑर्गेनाइजेशन फॉर एकेडमिक रिसर्च एंड सोशल डेवलपमेंट जयपुर एवं बीएनके बीपीजी कॉलेज अंबेडकर नगर यूपी के संयुक्त तत्वावधान में मर्यादा पुरुषोत्तम राम एक वैश्विक आदर्श पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार, डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में आयोजित होगी। सेमिनार में भाग लेने के लिए रूपनगढ़ से महाविद्यालय की छात्राएं एवं प्रवक्तागण 14 जुलाई को प्रातः बस से अयोध्या रवाना होंगे। महाविद्यालय की छात्राएं सेमिनार में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत करेंगी।

कॉलेज के सचिव एवं सेमिनार के संरक्षक डॉ बी.एल. देवेंदा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में भारत एवं विदेशों से अनेक नामचीन शिक्षाविद, शोधार्थी व छात्र-छात्राएं भाग लेंगे एवं मर्यादा पुरुषोत्तम राम एक वैश्विक आदर्श पर अपना निष्कर्ष प्रस्तुत करेंगे।

रूपनगढ़. अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के लिए ब्रोशर जारी करते।

राजस्थान पत्रिका 12.07.2024



# 'राम राज्य की अवधारणा ही सुशासन की कल्पना'

राजस्थान पत्रिका 19.07.2024

# कारगिल विजय दिवस

दिनांक 26 जुलाई 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में एनएसएस इकाई के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया | इस मौके पर प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक एवं डॉ रानू वार्ष्णेय ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की | व्याख्याता मीना कंवर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि हमारी सेना के सिपाहियों में देश के प्रति जो जुनून और प्यार है वह किसी भी देश की सेना में नहीं है इसलिए हम कारगिल विजय में शहीद हुए सैनिकों को सम्मान देने के लिए यह दिवस मनाते हैं | एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह के निर्देशन में महाविद्यालय में शहीद सैनिकों की याद में वृक्षारोपण किया गया | स्वयंसेविका तनुश्री, रवीना, आंचल, भावना ने कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुतियां दी | अंत में महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया | कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे |







**वृक्षारोपण करती हुई स्वयंसेविकाएं एवं स्टाफ सदस्य**



सैनिकों की याद में पौधरोपण

राठौड़, लेफ्टिनेंट कर्नल एकलव्य टांक, सूबेदार मेजर रामकरण, कैप्टन एचएस पंवार ने विद्यार्थियों को कारगिल विजय के बारे में विशेष जानकारी दी।

रूपनगढ़ | रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को एनएसएस इकाई के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक एवं डॉ. रानू वार्ष्णेय ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। व्याख्याता मीना कंवर ने बताया, कि हमारी सेना के सिपाहियों में देश के प्रति जो जुनून और प्यार है वह किसी भी देश की सेना में नहीं है। इसलिए हम कारगिल विजय में शहीद हुए सैनिकों को सम्मान देने के लिए यह दिवस मनाते हैं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह के निर्देशन में महाविद्यालय में शहीद सैनिकों की याद में पौधरोपण किया गया। स्वयं सेविका तनुश्री, रवीना, आंचल, भावना ने कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुतियां दी। अंत में महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

बांदरसिंदरी। बाल भारती शिक्षण संस्था नलू में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। डायरेक्टर जगदीश बाना ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में कारगिल में शहीद दयाल गुर्जर की पत्नी सुमन देवी और भारतीय सेना में कार्यरत विष्णु राज सिंह रहे। मुख्य अतिथियों ने बच्चों को देश के वीर जवान कारगिल में शहीद हुए जवानों व उनकी वीरगति के बारे में बताया। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा ड्रिल सलामी दी गई और अन्य कई प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस दौरान कोच [illegible] प्रसाद डाबरिया, प्रधानाचार्य राधेश्याम, विष्णु, कानाराम माली, सलीम मोहम्मद, गणपत माली, रोहित साहू, मोनू चौधरी, कमलेश सेन, सीमा [illegible] व रणजीत चौधरी आदि मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर 27.07.2024

<u>फ्रेशर पार्टी</u>

दिनांक 1 अगस्त 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़ में नवप्रवेशित छात्राओं के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया | महाविद्यालय सचिव डॉक्टर बी एल देवेन्दा एवं अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर द्वारा मां सरस्वती के चित्रपट समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई | प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से कनिष्ठ छात्राएं अपनी वरिष्ठ छात्राओं से परिचित होकर सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त करती हैं | कार्यक्रम में बीए द्वितीय व तृतीय वर्ष की छात्राओं द्वारा तिलक व मिठाई खिलाकर नव प्रवेशित छात्राओं का स्वागत किया गया | छात्राओं द्वारा ग्रुप डांस, सोलो डांस व मिमिक्री प्रस्तुत की गई | डॉ रानू वार्ष्णेय ने महाविद्यालय में वर्ष भर होने वाली विभिन्न गतिविधियों से छात्राओं को अवगत कराया | अंत में महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया |




दीप प्रज्ज्वलन




तिलक द्वारा स्वागत




प्राचार्य उद्बोधन



कॉलेज में नव प्रवेशित छात्राओं का स्वागत

रूपनगढ़। स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में गुरुवार को नव प्रवेशित छात्राओं का स्वागत किया गया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि इस अवसर पर नवप्रवेशित छात्राओं के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय सचिव डॉ. बीएल देवेन्दा एवं अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर द्वारा मां सरस्वती के चित्रपट समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने इस अवसर पर कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से कनिष्ठ छात्राएं अपने से वरिष्ठ विद्यार्थियों से परिचित होकर सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त करती हैं। कार्यक्रम में बीए द्वितीय व तृतीय वर्ष की छात्राओं द्वारा तिलक व मिठाई खिलाकर नव प्रवेशित छात्राओं का स्वागत किया गया। छात्राओं द्वारा ग्रुप डांस, सोलो डांस व मिमिक्री प्रस्तुत की गई। डॉ. रानू वार्ष्णेय ने महाविद्यालय में वर्ष भर होने वाली विभिन्न गतिविधियों से छात्राओं को अवगत कराया। अंत में महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

दैनिक भास्कर 02.08.2024

## हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के अंतर्गत
## ''एक पेड़ मॉं के नाम'' वृक्षारोपण अभियान

दिनांक 7 अगस्त 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के अंतर्गत "एक पेड़ मां के नाम" वृक्षारोपण अभियान का प्रारंभ किया गया | महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक ने नीम का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया | डॉ रानू वार्ष्णेय ने पर्यावरण संरक्षण और हरियाली के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि पौधारोपण हमारे आने वाली पीढियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है | एनएसएस स्वयंसेविकाओं एवं अन्य विद्यार्थियों ने पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा धारण कर महाविद्यालय में विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाए | कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बड़ी उत्सुकता व जोश के साथ भाग लिया और परिसर को हरा भरा बनाने का संकल्प लिया | एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह ने कहा कि पौधारोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं है बल्कि इसे निरंतरता और देखभाल की आवश्यकता होती है | उन्होंने सभी से एक पेड़ मां के नाम से लगाने का अनुरोध किया | कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे | अंत में महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया |







**वृक्षारोपण करती हुई स्वयंसेविकाएं एवं स्टाफ सदस्य**


...न कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया

अराई में पौधारोपण करते हुए।

रूपनगढ़ अभियान का प्रारंभ किया गया।

चन्द्र जोशी, पार्वती, दीपक दाधीच, आशा रानी तंवर, पवित्रा कंवर, बसराज जाट, रामदयाल सिंह राठौड़, प्रमिला, सुखपाल चौधरी, लक्ष्मण नेहरा, राजकुंवार जाट, पन्ना लाल खर्रा, दिनेश कुमार शर्मा और सावित्री देवी शर्मा सहित विद्यालय स्टाफ ने वृक्षारोपण किया।

रूपनगढ़। रूपनगढ़ में बुधवार को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के अंतर्गत 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण अभियान का प्रारंभ किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने नीम का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. रानू वार्ष्णेय ने पर्यावरण संरक्षण और हरियाली के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि पौधारोपण हमारे आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एनएसएस स्वयंसेविकाओं एवं अन्य विद्यार्थियों ने पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा धारण कर महाविद्यालय में विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बड़ी उत्सुकता व जोश के साथ भाग लिया और परिसर को हरा भरा बनाने का संकल्प लिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह ने कहा कि पौधारोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं है बल्कि इसे निरंतरता और देखभाल की आवश्यकता होती है। उन्होंने सभी से एक पेड़ मां के नाम से लगाने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

दैनिक भास्कर 08.08.2024


राजस्थान सरकार

भजन लाल शर्मा

मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान

हरयाळो राजस्थान (एक पेड़ माँ के नाम)

प्रशस्ति पत्र

SVMM ROOPANGARH

आपने "मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान", 2024 में पौधारोपण कर, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जो कि दूसरों के लिए प्रेरणा स्रोत है

"आपका पेड़, आपकी पहचान"

Certificate No: fd95b7ef01

प्रशस्ति पत्र

# नशा मुक्त भारत अभियान

दिनांक 12 अगस्त 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ समारोह का आयोजन किया गया । महाविद्यालय सचिव डॉक्टर बी एल देवेंदा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देशभर में मादक द्रव्यों के सेवन से ग्रस्त युवाओं को बाहर निकलना हम सब की जिम्मेदारी है | महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक ने सभी को कार्यक्रम की थीम "विकसित भारत का मंत्र भारत हो नशे से स्वतंत्रता" से अवगत कराया | एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह द्वारा सभी को शपथ ग्रहण करवाई गई | कार्यक्रम में डॉक्टर रानू वार्ष्णेय, रमेश मीणा, मीना कंवर, राधेरानी तिवारी, सुनीता चौधरी, विजयलक्ष्मी कुमावत, मोहन प्रजापत, एनएसएस स्वयंसेविकाएं अन्य विद्यार्थी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे |




स्लोगन लेखन प्रतियोगिता




नशा मुक्त शपथ ग्रहण करती हुई स्वयंसेविकाएं एवं स्टाफ सदस्य



NASHA MUKT BHARAT ABHIYAAN

Ministry of Social Justice and Empowerment, Govt. of India

CERTIFICATE

This is to certify that

Svmm Roopangarh

has taken a "Say no to drugs" pledge and committed himself/herself to consciously stay away from drug abuse and stay sober for a healthy lifestyle.

DATE

12th-Aug-2024

प्रशस्ति पत्र

# हर घर तिरंगा अभियान

दिनांक 13 अगस्त 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में "हर घर तिरंगा अभियान" के तहत तिरंगा रैली निकाली गई | राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित रैली को प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया | कॉलेज से रवाना हुई तिरंगा रैली राई का बाग क्षेत्र व गणेश मंदिर तक निकाली गई | रैली में एनएसएस स्वयंसेविकाओं व अन्य विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति के नारे जोश के साथ लगाए गए व सभी से तिरंगा सम्मानपूर्वक फहराने की अपील की गई | डॉ रानू वार्ष्णेय ने बताया कि इस अभियान के तहत स्वतंत्रता दिवस तक तिरंगा शपथ, तिरंगा रैली, स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों के परिवारों का सम्मान, तिरंगा पोस्टर, निबंध, भाषण व सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन किए जाएंगे | शनिवार को महाविद्यालय में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह द्वारा तिरंगा शपथ भी दिलवाई गई थी | तिरंगा रैली में सभी स्टाफ सदस्य विद्यार्थी मौजूद रहे | अंत में प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया |







तिरंगा रैली एवं शपथ ग्रहण में भाग लेती हुई स्वयंसेविकाएं एवं स्टाफ सदस्य



सोसायटी 11 राजस्थान पत्रिका
अजमेर, बुधवार, 14 अगस्त 2024

हर घर तिरंगा अभियान: स्वाधीनता दिवस पर हर घर तिरं...

देशभक्ति के नारों के बीच...

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रूपनगढ़. कस्बे के स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय से हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को तिरंगा रैली निकाली। राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रैली को प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कॉलेज से रवाना हुई रैली राई का बाग क्षेत्र होते हुए गणेश मंदिर पहुंची। रैली में एनएसएस स्वयंसेविकाओं व अन्य विद्यार्थियों ने देशभक्ति के नारे लगाए व स्वतंत्रता दिवस पर सभी से तिरंगा फहराने की अपील की। डॉ. रानू वार्ष्णेय व प्रभारी रमेश मीना ने बताया कि इस अभियान के तहत स्वतंत्रता दिवस तक तिरंगा शपथ, तिरंगा रैली, स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों के परिवारों का सम्मान, तिरंगा पोस्टर, निबंध, भाषण व सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन किए जाएंगे। महाविद्यालय में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह ने तिरंगा शपथ भी दिलवाई।

जूनियां @ पत्रिका. आजादी के अमृत महोत्सव के तहत कस्बे में मंगलवार को तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया गया। विधायक शत्रुघ्न गौतम ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। बस स्टैंड से रवाना हुई यह रैली विभिन्न मार्गों से होते हुए विद्यालय परिसर पहुंची।

@ रूपनगढ़

@ जूनियां

राजस्थान पत्रिका 14.08.2024

# 78 वाँ स्वतंत्रता दिवस


दिनांक 15 अगस्त 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में 78 वाँ स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया | महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक, डॉ. रानू वार्ष्णेय द्वारा ध्वजारोहणकर कर झंडे को सलामी दी गई | प्रभारी रमेश मीणा द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए स्वतंत्रता के महत्व को समझाया गया तथा सामाजिक समरसता बनाए रखने का संदेश दिया गया | एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह द्वारा आत्मनिर्भर विकसित भारत के निर्माण हेतु युवा शक्ति से आह्वान किया गया कि वह अपनी ऊर्जा रचनात्मक कार्यों में लगाए | व्याख्याता विजयलक्ष्मी कुमावत ने छात्राओं को उद्बोधित करते हुए कहा कि केवल सीमा पर जाकर लड़ना ही देश सेवा नहीं अपितु अपने कार्य क्षेत्र में कर्तव्यों का पूर्ण रूप से पालन करना भी एक देश सेवा है | कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई | इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य में विद्यार्थी उपस्थित रहे |




ध्वजारोहण




प्रशस्ति पत्र



## रूपनगढ़ में स्वतंत्रता दिवस का उपखंड स्तरीय समारोह

**रूपनगढ़।** स्थानीय शाला खेल मैदान पर उपखंड स्तरीय स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। मुख्य समारोह में ध्वजारोहण उपखंड अधिकारी मनोज चौधरी, प्रधान रामचंद्र थाकण ,तहसीलदार कीर्ति भारद्वाज, थाना प्रभारी भंवर सिंह राव और सरपंच हाजी इकबाल छीपा ने संयुक्त रूप से किया। स्थानीय ग्राम सेवक सहकारी समिति में अध्यक्ष तेजाराम कुमावत, उपाध्यक्ष नौरतमल जयपुरिया और व्यवस्थापक बिरदी चंद कुमावत ने , पनेर दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति डेयरी पर अध्यक्ष शांतिलाल ढेल और सदस्य रामेश्वर जाजड़ा ने ध्वजारोहण किया। राजकीय महात्मा गांधी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रधानाचार्य सावित्री मालपानी ने , सुरसुरा उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य मधु भांड ने ध्वजारोहण किया। मेवाड़ उच्च माध्यमिक विद्यालय में झंडारोहण संचालक ईश्वरमल, प्रधानाचार्य सुनील शर्मा व आर. के. लूनीवाल ने किया। अजमेर डिस्कॉम के सहायक अभियंता मुख्यालय पर चेतन प्रकाश सतरावला ने , जलदाय विभाग पर सहायक अभियंता अटल मलिक ने, सीता मुखिया मेमोरियल विद्यालय पर किरण मुखिया ने , विवेकानंद स्कूल में दुर्गेश व्यास तथा राई का बाग स्थित स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में डॉ. बी एल. देवेन्दा , बजरंग लाल भाकर , प्रभारी रमेश मीणा व प्राचार्य डॉ. रेणु वार्ष्णेय व डॉ. कोमल पारीक ने सामूहिक रूप से ध्वजारोहण किया। तहसील मुख्यालय पर तहसीलदार कीर्ति भारद्वाज व ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सरपंच हाजी इकबाल छीपा ने झंडारोहण किया तथा कार्यक्रम में उपसरपंच मुकेश प्रजापति, गुर्जर समाज अध्यक्ष श्रवण गुर्जर, पंचायत सदस्य कमल जांगिड़, सुमित्रा बियानी, नंदकिशोर सिंघाड़िया, नंदराम माली और नंदा राम बावला आदि भी उपस्थित थे। स्थानीय राजकीय चिकित्सालय पर प्रभारी डॉ. संजय प्रजापति, डॉ. राजेश बागड़ा, डॉ. गणपत यादव, पुरुषोत्तम शर्मा, पंकज मुखिया, रूपाराम, विशाल मिश्रा , अरुणा कुमावत आदि ने ध्वजारोहण किया। ग्राम सुरसुरा के विजयश्री पब्लिक स्कूल में मुकेश शर्मा, लोकेश शर्मा , प्रधानाचार्य देवाराम जाट, निदेशक मंगलचंद माली और सचिव लोकेश माली ने ध्वजारोहण किया। पींगलोद पंचायत भवन पर सरपंच संघ के अध्यक्ष और सरपंच शिवराज पप्पू डोडवाड़िया ने , कोटडी पंचायत पर प्रेम देवी बिजारणियां , देवाराम बिजारणियां व कांग्रेस नेता भंवर बिजारणियां आदि ने ध्वजारोहण किया। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खाजपुरा में प्रधानाध्यापक श्रवण लाल बावरी और चेतन नंगलिया ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ध्वजारोहण किया।

दैनिक नवजयोति 16.08.2024

# राष्ट्रीय खेल दिवस

दिनांक 29 अगस्त 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया | जिसका शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया | एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह द्वारा बताया गया कि भारत में हर वर्ष 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है, इसे मनाने का कारण यह है कि इस दिन हमारे देश के दिग्गज हॉकी प्लेयर मेजर ध्यानचंद का जन्मदिन है |पीटीआई विजय सिंह के निर्देशन में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया | व्याख्याता राधे रानी द्वारा सभी विद्यार्थियों को फिट इंडिया की शपथ दिलवाई गई | महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया | कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्य विद्यार्थी तथा क्षेत्र के अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे |




फिट इंडिया की शपथ




शतरंज खेलते हुए स्वयंसेविकाएं




खो-खो खेलते हुए



रूपनगढ़ पुष्कर कोटड़ी बघेरा

बीच वॉलीबाल का मैच करवाया गया। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

पुष्कर। गायत्री शक्तिपीठ कन्या महाविद्यालय में खेल सप्ताह के तहत गुरुवार को छात्राओं के बीच रुमाल झपट्टा खेल का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा. सुरेश वैष्णव ने बताया कि आयोजन में भाग लेने वाली सभी छात्रा खिलाड़ियों को स्वच्छता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम से जोड़ा गया। एनएसएस प्रभारी विजयलक्ष्मी शर्मा ने बताया कि इस मौके पर प्रतिभागी छात्राओं को गाइडलाइन के अनुसार फिट इंडिया की शपथ दिलाई गई।

रूपनगढ़। स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में गुरुवार को एनएसएस इकाई के तत्वाधान में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। प्राचार्य डा. कोमल पारीक द्वारा दीप प्रज्वलित किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह ने खेल दिवस की महत्ता बताई। पीटीआई विजय सिंह के निर्देशन में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। व्याख्याता मोना कंवर ने विद्यार्थियों को फिट इंडिया की शपथ दिलवाई। महाविद्यालय प्रबंधन ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में प्रभारी रमेश मीणा आदि मौजूद थे।

श्रीनगर। गांव के समीप दांता बोर चौराहा नसीराबाद रोड हुकमचंद नोबल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी कॉलेज में गुरुवार को राष्ट्रीय खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद को याद किया गया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता जांगिड़ ने विद्यार्थियों को फिट इंडिया की शपथ दिलाई। इस दौरान महाविद्यालय परिवार द्वारा विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिनमें इंडोर खेल के तहत कैरम व टेबल-टेनिस खेला गया। कैरम में दिशा प्रजापति,

दैनिक नवज्योति 30 अगस्त 2024

# स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़ को बालिका शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु अवार्ड

दिनांक 30 अगस्त 2024 को जयपुर के होटल आईसीटी राजपूताना में न्यूज़ 18 राजस्थान मीडिया चैनल द्वारा आयोजित ग्रीन एनर्जी कॉन्क्लेव में स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़ को बालिका शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु राजस्थान सरकार के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर द्वारा सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की ओर से यह सम्मान सचिव डॉ. बी. एल. देवन्दा एवं अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाकर ने ग्रहण किया। डॉ.देवन्दा ने बताया कि महाविद्यालय शिक्षा समिति ने रूपनगढ़ उपखंड में प्रथम महिला महाविद्यालय के रूप में स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय की स्थापना की। महाविद्यालय निरंतर छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए कृत संकल्प है। महाविद्यालय को सम्मानित करने के लिए न्यूज़ 18 एवं मंत्री महोदय के प्रति हम आभार प्रकट करते हैं और रुपनगढ़ के सभी अभिभावको से भी अपेक्षा करते हैं कि वे हमेशा महाविद्यालय परिवार के प्रति अपने आस्था बनाए रखेंगे। महाविद्यालय परिवार यह पुरस्कार पाकर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।







कार्यक्रम की कुछ झलकियां

# निशुल्क दंत और त्वचा चिकित्सा शिविर का आयोजन

दिनांक 30 अगस्त 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़ में एकदंत डेंटल एंड कॉस्मेटिक क्लिनिक द्वारा विद्यार्थियों के लिए निशुल्क दंत और त्वचा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया | शिविर में डॉक्टर शुभम वैष्णव द्वारा दांत एवं त्वचा स्वास्थ्य की जांच की गई और आवश्यक दवाएं निशुल्क वितरित की गई | शिविर में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और अन्य ग्रामीणजनों ने भाग लिया | महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक ने बताया कि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को लेकर कॉलेज हमेशा जागरूक रहा है और ऐसे शिविरों का आयोजन नियमित रूप से किया जाता है ताकि विद्यार्थियों को समय-समय पर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके | इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों में भी दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई | कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे | प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया |







दंत एवं त्वचा स्वास्थ्य की जांच



**विद्यार्थियों के लिए चिकित्सा शिविर आयोजित**

रूपनगढ़। स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क चिकित्सा एवं दंत रोग निदान शिविर लगाया गया। एकदंत डेंटल एंड कॉस्मेटिक क्लिनिक द्वारा विद्यार्थियों के लिए आयोजित शिविर में डॉ. शुभम वैष्णव द्वारा दांत एवं त्वचा स्वास्थ्य की जांच करके आवश्यक दवाएं निःशुल्क वितरित की गई। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा व प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने बताया कि कार्यक्रम ने विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों में भी दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता देखी गई। कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। प्रभारी रमेश मीणा ने आभार व्यक्त किया।

दैनिक नवज्योति 31.08.2024

# शिक्षक दिवस

दिनांक 5 सितंबर 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़ में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया | सर्वप्रथम महाविद्यालय के सभी शिक्षकों ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्रपट समक्ष माल्यार्पण किया | तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों को तिलक, मिठाई और उपहार द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक ने शिक्षक को राष्ट्र निर्माता के रूप में बताते हुए शिक्षकों की महत्ता पर प्रकाश डाला | कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा गीत, कविता, भाषण एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई | कार्यक्रम का संचालन अनिता कुमावत और प्रियंका चौधरी द्वारा किया गया | कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्य, एनएसएस स्वयंसेविकाएं और अन्य छात्राएं उपस्थित रही | अंत में महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार किया गया |




कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी एवं स्टाफ



का माल्यार्पण और विभिन्न भेंट देकर सम्मान किया। इसी क्रम में स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में विद्यार्थियों ने शिक्षकों को तिलक, मिठाई और उपहार देकर सम्मानित किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने शिक्षकों की महत्ता पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने गीत, कविता, भाषण एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। संचालन अनिता कुमावत और प्रियंका चौधरी ने किया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने आभार जताया।

श्रीनगर। ग्राम वीर चौराहा हुकुमचंद महाविद्यालय में गुरुवार को शिक्षक दिवस मनाया गया। छात्र समीर की आशाएं, छात्र उषा कंवर ने राजस्थानी नृत्य, दीपिका डाबी ने शिक्षक को समर्पित नृत्य, कोमल और ग्रुप द्वारा

दैनिक नवज्योति 06.09.2024

# राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC)

दिनांक 9 सितंबर 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़ में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की पियर टीम दो दिवसीय दौरे पर आयी | पूर्व में महाविद्यालय द्वारा भेजी गई जानकारी का भौतिक सत्यापन नैक की पियर टीम द्वारा महाविद्यालय में किया जा रहा है | प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक ने बताया कि नैक पियर टीम के चेयरपर्सन भागलपुर यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रोफेसर विभाष चंद्र झा, संयोजक सदस्य शिवाजी यूनिवर्सिटी महाराष्ट्र के प्रोफेसर जगन कराडे तथा सदस्य उमिया आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज गुजरात की प्राचार्य डॉक्टर संगीता घाटे का स्वागत पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में उपस्थित होकर छात्राओं ने लोकगीत एवं तिलक द्वारा किया | इसके बाद प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय की संपूर्ण आधारभूत जानकारी और उपलब्धियों का विस्तृत ब्यौरा पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया | तत्पश्चात नैक टीम को विभागाध्यक्षों द्वारा अपनी उपलब्धियां पर प्रजेंटेशन दिया गया | नैक पियर टीम ने एनएसएस रूम, कंप्यूटर लैब, भूगोल लैब का निरीक्षण कर सभी विषयों की विभागों में जाकर निरीक्षण किया और अध्यापकों, छात्राओं, भूतपूर्व छात्राओं और अभिभावकों से संवाद स्थापित किया | महाविद्यालय प्रबंधन की तरफ से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया | कार्यक्रम में सुश्री फराह और मीना शेखावत द्वारा अतिथियों को राजस्थानी संस्कृति से अवगत कराया गया | छात्राओं द्वारा विभिन्न लोकगीतों, कालबेलिया नृत्य, घूमर आदि प्रस्तुतियां दी गई | अंत में महाविद्यालय सचिव डॉक्टर बी एल देवेन्दा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया |

# राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC)

## पियर टीम द्वारा महाविद्यालय के भौतिक निरीक्षण की कुछ झलकियां


























# राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की पियर टीम ने निरीक्षण किया

भास्कर न्यूज | रूपनगढ़

रूपनगढ़ में स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की पियर टीम ने निरीक्षण किया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि पूर्व में महाविद्यालय द्वारा भेजी गई जानकारी का भौतिक सत्यापन नैक की पियर टीम द्वारा महाविद्यालय में किया जा रहा है।

प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने बताया कि नैक पियर टीम के चेयरपर्सन भागलपुर यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रोफेसर विभाष चंद्र झा, संयोजक सदस्य शिवाजी यूनिवर्सिटी महाराष्ट्र के प्रोफेसर जगन कराडे तथा सदस्य ऊमिया आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज गुजरात की प्राचार्य डॉ. संगीता घाटे का स्वागत पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में उपस्थित होकर छात्राओं ने लोकगीत एवं तिलक द्वारा किया। इसके बाद प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय की संपूर्ण आधारभूत जानकारी और उपलब्धियों का विस्तृत ब्यौरा पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात नैक टीम को विभागाध्यक्षों द्वारा अपनी उपलब्धियां पर प्रजेंटेशन दिया गया। नैक पियर टीम ने एनएसएस रूम, कंप्यूटर लैब, भूगोल लैब का निरीक्षण कर सभी विषयों की विभागों में जाकर निरीक्षण किया और अध्यापकों, छात्राओं, भूतपूर्व छात्राओं और अभिभावकों से संवाद स्थापित किया। महाविद्यालय प्रबंधन की तरफ से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फराह और मीना शेखावत द्वारा अतिथियों को राजस्थानी संस्कृति से अवगत कराया गया। छात्राओं द्वारा विभिन्न लोकगीतों, कालबेलिया नृत्य, घूमर आदि प्रस्तुतियां दी गई। यह टीम दो दिवसीय दौरे पर आई है। इस टीम प्रथम दिवस था। अंत में महाविद्यालय सचिव डॉ. बी एल देवेन्द्र द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में सोमवार को पियर टीम के समक्ष छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

दैनिक भास्कर 10.09.2024

# राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC)

## द्वितीय दिवस

आज दिनांक 10 सितंबर 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में नैक पियर टीम के चेयरपर्सन प्रोफेसर विभाष चंद्र झा, संयोजक सदस्य प्रोफेसर जगन कराडे, सदस्य डॉ संगीता घाटे ने दूसरे दिन निरीक्षण किया | द्वितीय दिवस पर पियर टीम ने महाविद्यालय में भौतिक सुविधाओं जैसे सुरक्षा-परामर्श केंद्र, रैंप रेल, कौशल विकास केंद्र आदि का निरीक्षण किया तथा वर्षा जल संचयन, अपशिष्ट प्रबंधन आदि प्रणाली के बारे में समीक्षा की | पियर टीम ने महाविद्यालय में गठित विभिन्न समितियों, प्रकोष्ठों के प्रमुखों के साथ बैठक कर संवाद स्थापित किया | तत्पश्चात स्पोर्ट्स ग्राउंड, खेल कक्ष में खेल सामग्री का भौतिक निरीक्षण किया व खेल प्रभारी श्री लक्ष्मण सिंह से इस संबंध में जानकारी हासिल की | नैक पियर टीम ने अवलोकन के बाद आंतरिक गुणवत्ता, आश्वासन , प्रकोष्ठ समन्वयक, एवं समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्राचार्य के साथ अपने विचार और सुझाव साझा किये | इसके बाद टीम ने रिपोर्ट को अंतिम रूप प्रदान कर सुरक्षित एवं गोपनीय रूप से लिफाफे में सील बंद किया | एग्जिट मीटिंग में नैक पियर टीम ने समस्त संकाय सदस्यों से अपने विजिट के अनुभव साझा किये और महाविद्यालय में आगामी नैक मूल्यांकन के लिए महत्वपूर्ण सुधार एवं क्रियाकलापों के बारे में सामान्य विचार रखें | महाविद्यालय सचिव डॉ बी एल देवेंदा द्वारा सभी टीम सदस्यों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर आभार व्यक्त किया गया |

## पियर टीम द्वारा महाविद्यालय भौतिक निरीक्षण के द्वितीय दिवस की कुछ झलकियां






















पियर टीम द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य को बंद लिफाफे में निरीक्षण की रिपोर्ट देते हए



## राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की पियर टीम ने दूसरे दिन भी जांची व्यवस्थाएं

रूपनगढ़। रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में नैक पियर टीम के चेयरपर्सन प्रोफेसर विभाष चंद्र झा, संयोजक सदस्य प्रोफेसर जगन कराडे, सदस्य डॉ संगीता घाटे ने दूसरे दिन मंगलवार को भी निरीक्षण किया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि टीम ने महाविद्यालय में भौतिक सुविधाओं जैसे सुरक्षा-परामर्श केंद्र, रैंप रेल, कौशल विकास केंद्र आदि का निरीक्षण किया तथा वर्षा जल संचयन, अपशिष्ट प्रबंधन आदि प्रणाली के बारे में समीक्षा की। पियर टीम ने महाविद्यालय में गठित विभिन्न समितियों, प्रकोष्ठों के प्रमुखों के साथ बैठक कर संवाद स्थापित किया। तत्पश्चात स्पोर्ट्स ग्राउंड, खेल कक्ष में खेल सामग्री का भौतिक निरीक्षण किया व खेल प्रभारी श्री लक्ष्मण सिंह से इस संबंध में जानकारी हासिल की। टीम ने अवलोकन के बाद आंतरिक गुणवत्ता, आश्वासन, प्रकोष्ठ समन्वयक एवं समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्राचार्य के साथ अपने विचार और सुझाव साझा किए। इसके बाद टीम ने रिपोर्ट को अंतिम रूप प्रदान कर सुरक्षित एवं गोपनीय रूप से लिफाफे में सील बंद किया। एक्जिट मीटिंग में टीम ने समस्त संकाय सदस्यों से अपने विजिट के अनुभव साझा किए और महाविद्यालय में आगामी नैक मूल्यांकन के लिए महत्वपूर्ण सुधार एवं क्रियाकलापों के बारे में सामान्य विचार रखें। महाविद्यालय सचिव डॉ बी एल देवेंदा द्वारा सभी टीम सदस्यों को स्मृति चिन्ह दिए।

दैनिक भास्कर 11.09.2024

# हिन्दी दिवस समारोह

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़ में दिनांक 14.09.2024 को हिन्दी दिवस के रूप मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा, श्री बजरंग लाल भाखर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने की। प्राचार्य महोदय ने अपने उद्ब्बोधन में कहा की हिन्दी हमारी राजभाषा है हमें इस पर गर्व  होना चाहिए तथा इसके सम्मान के लिए प्रत्येक नागरिक को हिन्दी भाषा को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। महाविद्यालय में हिन्दी दिवस पर कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा अंजू, ज्योति खोरवाल, लीला जाजोरिया, बीए द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा निशा भांभी बीए तृतीय वर्ष की छात्रा कोमल वैष्णव व शंकुतला ने अपनी–अपनी प्रस्तुतियॉ दी। अन्त में महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने आगन्तुक अतिथियों एवं समस्त छात्राओं को हिन्दी दिवस की शुभकामना देकर धन्यवाद ज्ञापित किया।




कविता पाठ करती महाविद्यालय की छात्रा



## हिंदी दिवस मनाया

रूपनगढ़| रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में शनिवार को हिंदी दिवस के रूप में मनाया गया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि सचिव डॉ. बी.एल. देवेन्दा व अध्यक्ष बजरंग लाल भाखर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने की।

इस अवसर पर प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी हमारी राजभाषा है हमें इस पर गर्व होना चाहिए । महाविद्यालय में हिंदी दिवस पर कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा अंजू ,ज्योति खोरवाल ,लीला जाजोरिया व बीए द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा निशा, बीए तृतीय वर्ष की छात्रा कोमल वैष्णव व शकुंतला ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दी । अंत में महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने आगंतुक अतिथियों एवं समस्त छात्राओं को हिंदी दिवस में शुभकामना देकर धन्यवाद ज्ञापित किया।

दैनिक भास्कर 15.09.2024

# स्वच्छता ही सेवा अभियान

दिनांक 17 सितंबर 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ किया गया | एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह द्वारा विद्यार्थियों को शपथ दिलाकर कार्यक्रम शुरू किया गया | उन्होंने बताया कि आगामी 17 दिनों में प्रतिदिन स्वच्छता जागरूकता के विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा | महाविद्यालय प्रबंधन समिति सचिव डॉ बी एल देवेन्दा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य जन मानस में सफाई के प्रति सकारात्मक नजरिया विकसित करना है | अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाकर ने स्वच्छता पर अपने विचार रखते हुए कहा कि स्वच्छ भारत के विजन को लागू करने में युवा शक्ति का सहयोग सर्वाधिक अपेक्षित है | प्रभारी रमेश मीणा के निर्देशन में छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में श्रमदान किया | कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ कोमल पारीक, डॉ रानू वार्ष्णेय समस्त महाविद्यालय स्टाफ, एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे |




स्वच्छता शपथ लेती हुई स्वयंसेविकाएं



श्रमदान

# दिवेर विजय स्मृति कार्यक्रम

दिनांक 18 सितंबर 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में दिवेर विजय स्मृति कार्यक्रम के अंतर्गत "महाराणा प्रताप : एक आदर्श व्यक्तित्व" विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक ने की | प्रतियोगिता में लगभग 35 छात्राओं ने भाग लिया | प्रतियोगिता में बीए सेमेस्टर प्रथम की छात्रा मोनिका बराला ने प्रथम स्थान व प्रज्ञा मीणा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया | एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेते हुए हमें लक्ष्यों की प्राप्ति पर प्रतिबद्ध रहना चाहिए | महाविद्यालय प्रबंधन समिति सचिव डॉ बी एल देवेन्दा, अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर द्वारा छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर पुरस्कृत किया गया | कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया |



भाषण प्रतियोगिता




विजित प्रतिभागी को पुरस्कार देते हुए



**भाषण प्रतियोगिता में मोलिका बराला प्रथम**

रूपनगढ़। स्थानीय स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्त्वावधान में दिवेर विजय स्मृति कार्यक्रम के अंतर्गत महाराणा प्रताप : एक आदर्श व्यक्तित्व विषय पर भाषण प्रतियोगित का आयोजन किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह ने बताया कि प्रतियोगिता में बीए सेमेस्टर प्रथम की छात्रा मोनिका बराला ने प्रथम स्थान व प्रज्ञा मीणा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में लगभग 35 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने की। महाविद्यालय प्रबंधन समिति सचिव डॉ बी एल देवेन्दा, अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर ने छात्राओं को पुरस्कृत किया। प्रभारी रमेश मीणा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

दैनिक नवज्योति 19 सितंबर 2024

# स्वच्छता ही सेवा अभियान

दिनांक 19 सितंबर 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह एवं व्याख्याता विजय लक्ष्मी कुमावत के निर्देशन में एनएसएस स्वयंसेविकाओं एवं छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में श्रमदान किया एवं प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया |







**श्रमदान**

दिनांक 21 सितंबर 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़ में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत "स्वच्छ भारत" विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया साथ ही साथ स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर एवं आसपास क्षेत्र में श्रमदान कार्य किया |






निबंध लेखन प्रतियोगिता

श्रमदान

# स्वभाव स्वच्छता : संस्कार स्वच्छता थीम पर एक दिवसीय शिविर

दिनांक 24 सितंबर 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्वभाव स्वच्छता : संस्कार स्वच्छता थीम पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया | शिविर के उद्‌घाटन सत्र में महाविद्यालय सचिव डॉक्टर बी एल देवेन्दा, अध्यक्ष श्री बजरंगलाल भाकर ने दीप प्रज्ज्वलित कर 'स्वच्छ भारत मिशन' पर उद्बोधन दिया | इस सत्र में स्वयंसेविकाओं व अन्य छात्राओं द्वारा स्वच्छता के संदर्भ में भाषण, गीत, कविता प्रस्तुत किए गए | द्वितीय सत्र में स्वयंसेविकाओं ने डॉ रानू वार्ष्णेय के निर्देशन में गोद ग्राम मगरी का बालाजी, नुवा में श्रमदान किया | श्रमदान के अंतर्गत स्वयंसेविकाओं ने मंदिर परिसर की साफ सफाई की तथा पौधों के लिए क्यारियाँ बनाई तथा वृक्षारोपण किया | तृतीय सत्र में स्वयंसेविकाओं द्वारा जलपान ग्रहण करने के पश्चात प्लास्टिक कचरा संग्रहण व निस्तारण का कार्य किया गया | प्राचार्य डॉ कोमल पारीक ने बताया कि स्वयंसेविकाएं व अन्य छात्राएं अपने आसपास के क्षेत्र, गली,मोहल्लों से प्लास्टिक कचरा एकत्रित करके लाई, जिसका निस्तारण गड्ढा खोदकर किया गया | समापन सत्र में स्वयंसेविकाओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत का सामूहिक गान किया | महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत महाविद्यालय में शपथ कार्यक्रम, निबंध लेखन प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किये जा चुके हैं | व्याख्याता विजयलक्ष्मी कुमावत द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया |




कैंप में उपस्थित स्वंयसेविकाए




प्लास्टिक कचरा संग्रहण व निस्तारण

# पोषण अभियान कार्यक्रम

दिनांक 28 सितंबर 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में पोषण अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया | सर्वप्रथम महाविद्यालय में स्वयंसेविकाओं को माय भारत किट का वितरण किया गया | महाविद्यालय सचिव डॉ बी एल देवेन्दा और अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाकर ने व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ पोषण आहार का छात्राओं को महत्व समझाया | तत्पश्चात् स्वयंसेविकाओं को आंगनवाड़ी कार्यालय में ले जाया गया | आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती ममता शर्मा द्वारा महिलाओं और बच्चों में कुपोषण दर, पोषण सूचकांक, आंगनबाड़ी द्वारा किए गए प्रयासों के बारे में बताया गया | आंगनवाड़ी सहायिका मधुबन बाला द्वारा पोषण आहार एवं मिलेट्स पर जानकारी दी गई | एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह ने बताया कि पोषण की न केवल  शारीरिक स्वास्थ्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है अपितु यह मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है | छात्राओं द्वारा पोषण के संबंध में विभिन्न प्रश्न पूछे गए | कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ कोमल पारीक, डॉ रानू वार्ष्णेय, श्री रमेश मीणा, समस्त स्टाफ सदस्य एवं अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे |







पोषण आहार एवं मिलेट्स पर जानकारी



सीडीपीओ आशा माथुर, ... कविता शर्मा, रीना चौधरी सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व स्टाफ मौजूद रहा।

**पोषण अभियान कार्यक्रम आयोजित**

रूपनगढ़। राई का बाग क्षेत्र स्थित स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में शनिवार को पोषण अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्त्वावधान में स्वयंसेविकाओं को माय भारत किट्स का वितरण किया गया। महाविद्यालय सचिव डॉ. बीएल देवेन्दा और अध्यक्ष बजरंग लाल भाकर ने छात्राओं को व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ पोषक आहार का महत्व समझाया। तत्पश्चात स्वयंसेविकाओं को आंगनवाड़ी कार्यालय ले जाया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ममता शर्मा ने महिलाओं और बच्चों में कुपोषण दर, पोषण सूचकांक, आंगनबाड़ी द्वारा किए गए प्रयासों के बारे में बताया। आंगनवाड़ी सहायिका मधुबन बाला ने पोषण आहार एवं मिलेट्स पर जानकारी दी। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह ने बताया कि पोषण की न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका होती है अपितु यह मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है। छात्राओं द्वारा पोषण के संबंध में विभिन्न प्रश्न पूछे गए जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक, डॉ. रानू वार्ष्णेय, रमेश मीणा, समस्त स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**केंद्रीय मंत्री चौधरी का किया स्वागत**

दैनिक  नवज्योति  29.09.2024

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के संबंध में माय भारत पोर्टल पर इवेंट

(https://mybharat.gov.in/tasks/events/9) **Event Details**




### स्वच्छता ही सेवा

Tuesday 17 September 2024 | 10:00 am — 15-29 years

SVMM ROOPANGARH AJMER AJMER, RAJASTHAN

Event Highlights

★ Cleanliness Drive

About

Cleanliness Activities at Public places, college premises and Adopted village.

Events Schedule | Additional Details | Event Gallery

P — Waste management | 10:30 am | Read More

(https://mybharat.gov.in/tasks/events/7) **Event Details**




### स्वच्छता ही सेवा

Tuesday 24 September 2024 | 10:00 am — 15-29 years

SVMM ROOPANGARH AJMER PINCODE - 305814 AJMER, RAJASTHAN

Event Highlights

★ Cleanliness Drive at adopted village

About

Cleanliness Drive at adopted village, plastic garbage collection and disposal, NSS one day camp.

Events Schedule | Additional Details | Event Gallery

P — Plastic garbage collection and disposal | 11:00 am | Read Less

Cleanliness Drive at adopted village, plastic garbage collection and disposal, NSS one day camp.

(https://mybharat.gov.in/tasks/events/5) **Event Details**



### स्वच्छ भारत दिवस

Wednesday 02 October 2024 | 10:30 am — 15-29 years

SVMM ROOPANGARH AJMER AJMER, RAJASTHAN

Event Highlights

★ स्वच्छ भारत दिवस

About

स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती के उपलक्ष्य में स्वभाव स्वच्छता : संस्कार स्वच्छता की थीम पर स्वच्छ भारत दिवस का आयोजन किया गया।.

Events Schedule | Additional Details | Event Gallery

P — Plastic garbage collection and disposal | 11:00 am | Read More